कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम), मध्य प्रदेश
ऑडिट भवन, झाँसी रोड, ग्वालियर - **474002**

सं./प्रशा/हिंदीकक्ष/त्रै.बैठक/कार्यवृत्त/**24-25**/एस.टी.आर.-204-229 दिनांकः11 **.02.2025**

**विषयः- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अक्टूबर से दिसम्बर**, 2024 **की त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त ।**

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) मध्य प्रदेश, ग्वालियर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अक्टूबर से दिसम्बर, **2024** की अवधि की त्रैमासिक बैठक दिनांक **24.01.2025** को सायं **04.00** बजे कार्यालय के प्रथम तल के सभा कक्ष में आयोजित की गई । इस बैठक की अध्यक्षता श्री विशाल बंसल, प्रधान महालेखाकार महोदय द्वारा की गई।

इस अवसर पर उपस्थित समूह अधिकारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी एवं सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों का विवरण संलग्न परिशिष्ट में दिया गया है । बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है:-

**1. पिछली तिमाही जुलाई से सितंबर**, 2024 **की बैठक के कार्यवृत्त का वाचन**, **उसकी पुष्टि तथा अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा ।**

बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुये प्रधान महालेखाकार महोदय द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों से पिछली तिमाही जुलाई से सितंबर, **2024** की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक के कार्यवृत्त की स्वीकार्यता की पुष्टि करने हेतु कहा गया । उसके बाद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा की गई ।

**2. वर्तमान तिमाही अक्टूबर से दिसम्बर**, 2024 **के लिये अनुभागों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा ।**

अक्टूबर से दिसम्बर, **2024** की तिमाही के दौरान कार्यालय के नियंत्रक-अनुभागों एवं प्रशासन समूह के समस्त अनुभागों से प्राप्त हिंदी - पत्राचार के प्रतिशत एवं राजभाषा कार्यान्वयन के अन्य बिन्दुओं के संबंध में अनुभाग संगत समीक्षा की गई, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

(i) **राजभाषा अधिनियम** 1963 **की धारा** 3(3) **का अनुपालन -**

इस तिमाही में धारा **3(3)** के अंतर्गत विभिन्न अनुभागों से कुल **347** कागजात जारी किए गए जो सामान्य अनुदेश प्रकृति के थे । इनमें से कोई भी कागजात केवल अंग्रेजी में जारी नहीं किया गया । अतः कार्यालय द्वारा धारा **3(3)** का पूर्णतः पालन किया गया ।

(ii) **हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (नियम** 5 **का अनुपालन) -**

इस तिमाही में कुल **4913** पत्र हिंदी में प्राप्त हुए । इनमें से कुल **2527** पत्रों के उत्तर हिंदी में एवं **237** पत्र निराकरण के लिए शेष थे । बाकी बचे पत्र नस्ती किए गए । इस तरह नियम **5** का पूर्णतः पालन किया गया ।

(iii) **फाइलों पर हिंदी में कार्य-**

(क) तिमाही के दौरान लिखी गई कुल टिप्पणियों की संख्या - **4375**

(ख) हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - **4319**

(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - **56**

(iv) **भेजे गए पत्रों की स्थिति हिंदी में किया गया पत्राचार का प्रतिशत-**

| क्र. | नियंत्रक अनुभाग का नाम | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासन -11 | 100 | 100 |
| 2 | प्रशासन -12 | 99.86 | 100 |
| 3 | प्रशासन -13 | 100 | 100 |
| 4 | प्रशासन -14 | 100 | 100 |
| 5 | सामान्य अनुभाग | 100 | 100 |
| 6 | कार्यपालन शाखा | 100 | 100 |
| 7 | आई.एस. विंग | 100 | 100 |
| 8 | गोपनीय कक्ष | 100 | 96.78 |
| 9 | आंतरिक ले.प | 100 | 100 |
| 10 | हिन्दी का.कक्ष | 100 | 100 |
| 11 | फास (विविध) | 100 | 100 |
| 12 | कल्याण शाखा | 100 | 100 |
| 13 | रिपोर्ट -1 | 96.36 | 97.78 |
| 14 | रिपोर्ट -2 | 87.50 | 100 |
| 15 | रिपोर्ट (पी.ए.सी) | 100 | 100 |
| 16 | विधि कक्ष | 100 | 100 |
| 17 | अनुदान लेखापरीक्षा | 100 | 100 |
| 18 | केद्रीय समन्वय | 100 | 100 |
| 19 | ए.पी. डी. ए.सी | 100 | 100 |
| 20 | ए.एम.जी 1 (मु.) | 100 | 100 |
| 21 | ए.एम.जी 2 (मु.) | 100 | 100 |
| 22 | ए.एम.जी 3 (मु.) | 100 | 100 |
| 23 | ए.एम.जी 4 (मु.) | 94.26 | 95.08 |
| 24 | ए.एम.जी 5 (मु.) | 100 | 100 |

नोटः- गोपनीय कक्ष, रिपोर्ट-1 एवं ए.एम.जी 4 (मु.) अधिकाधिक कार्य हिंदी में कर रहे हैं परन्तु निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत से कम पर कार्य कर रहे हैं ।

पिछली तिमाही की तुलना में कमी का विवरण-

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत कमी |
|---|---|---|---|
| गोपनीय कक्ष | 100 | 96.78 | 3.22 |

पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि का विवरण-

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| प्रशासन-12 | 99.86 | 100 | 0.14 |
| रिपोर्ट-1 | 96.36 | 97.78 | 1.42 |
| रिपोर्ट-2 | 87.50 | 100 | 12.50 |
| ए.एम.जी 4 (मु.) | 94.26 | 95.08 | 0.82 |

कार्यालय से भेजे गए कुल पत्रों का प्रतिशत-

| हिंदी | अंग्रेजी | कुल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 3749 | 24 | 3773 | 99.36 |

पूर्व तिमाही का प्रतिशत : 99.60

वर्तमान तिमाही का प्रतिशत : 99.36

इस तिमाही में कमी का प्रतिशत : 0.24

**3.** उक्त तिमाही के दौरान दिनांक **12.12.2024** को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें कार्यालय के कुल **14** सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया **।**

अध्यक्ष महोदय का उद्‌बोधनः- अध्यक्ष महोदय ने निम्नलिखित निर्देश दिये:-

i. अध्यक्ष महोदय ने धारा 3(3) के अंतर्गत जारी सामान्य आदेश, संकल्प, परिपत्र, नियम, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन, प्रेस विज्ञप्तियां, संविदाएं, करार, अनुज्ञप्तियां, निविदा प्रारूप, अनुज्ञा पत्र, निविदा सूचनाएं, अधिसूचनाएं एवं संसद के समक्ष् रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज़ पत्र केवल द्विभाषी जारी करने हेतु निर्देशित किया।

ii. तिमाही प्रतिवेदन में टिप्पणियों की संख्या के साथ टिप्पणी लिखी जाने वाली नस्तियों की सूची संलग्न कर भेजने हेतु निर्देशित किया ।

iii. जो पत्र अपरिहार्य कारणों से अंग्रेजी में प्रेषित किये जाते हैं उनका हिंदी में अनुवाद हिंदी अनुभाग से करवाकर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें ।

iv. जिन अनुभागों द्वारा हिंदी में निर्धारित लक्ष्य **100%** प्राप्त नहीं किया है उन अनुभागों को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया ।

v. समूह अधिकारीगण, शाखा अधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास करें तथा अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित करें ।

बैठक के अंत में प्रधान महालेखाकार ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया । अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही सम्पन्न घोषित की गई ।

संजीव
11/1/16

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

हिंदी कक्ष

कार्यवृत्त - परिशिष्ट

प्रधान महालेखाकार महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की **24.01.2025** को सम्पन्न बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची-

| क्र. | सर्व श्री/ सुश्री/ श्रीमती | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | महेश प्रसाद श्रीवास्तव | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-01/प्रशासन |
| 2 | सुमित कुमार | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-02 |
| 3 | हरजिंदर कुमार | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-03 |
| 4 | यशवंत कुमार | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-04 |
| 5 | जितेंद्र कुमार बंसल | सचिव, महालेखाकार | सचिवालय, महालेखाकार |
| 6 | मनोज कुमार सिंह श्यौरान | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | आई.एस.विंग |
| 7 | संजीव कुमार झांजी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | हिंदी कक्ष |
| 8 | अतुल सुर्वे | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | विधि कक्ष |
| 9 | सर्वेश श्रीवास्तव | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-03 (मुख्यालय) |
| 10 | रश्मि मिश्रा | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-02 (मुख्यालय) |
| 11 | सुजीत कुमार दास | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-05 |
| 12 | धनंजय कुमार | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन-11, 12 |
| 13 | दीपलता प्रसन्नन | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.पी. डी. ए. सी |
| 14 | मंजुला आर कृष्णन | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-04 (मुख्यालय) |
| 15 | राजेश एन. हथवलने | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | कार्यपालन शाखा |
| 16 | विजय सुगंधी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-01 (मुख्यालय) |
| 17 | हिमांशु गुप्ता | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | वाणिज्य समन्वयन कक्ष |
| 18 | अजय कुमार शर्मा | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट - II |
| 19 | भूपेंद्र गुप्ता | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन - 13 |
| 20 | प्रवेश मितल | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-04 |
| 21 | रुपाली मालवीय | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-05 (मुख्यालय) |
| 22 | राममणि तिवारी | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट - I |
| 23 | स्वर्णलता गुप्ता | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | हिंदी कक्ष |
| 24 | विजय सिंह मीना | सहायक पर्यवेक्षक | हिंदी कक्ष |
| 25 | निधि गौतम | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | हिंदी कक्ष |

संजीव
11/5/25

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिंदी कक्ष